## Headline

1. SC: सुप्रीम कोर्ट का फैसला- J&K से अनुच्छेद 370 हटाने का केंद्र का फैसला बरकरार, चीफ जस्टिस ने सुनाया निर्णय
2. Karnataka: '50 से 60 विधायकों के साथ कांग्रेस छोड़ सकते हैं मंत्री', JDS नेता का चौंकाने वाला दावा


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 153 | इंदौर, सोमवार 11 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## स्कूलों में विद्यार्थियों के साथ हो रही घटनाएं ...

# हिंसक होते स्कूली छात्र

## लगातार बढ़ती घटनाओं ने अभिभावकों को चिंता में डाला

@ DGR विशेष

इंदौर। देश में दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, चेन्नई समेत देश के कई हिस्सों में स्कूलों के अंदर कुछ छात्रों द्वारा किसी छात्र या शिक्षक की हत्या किए जाने की घटनाओं की तरह इंदौर के स्कूलों में भी छात्रों के हिंसक होने की हाल ही में दो घटनाएं सामने आई है। एक घटना में जहां निजी स्कूल में चौथी कक्षा के मासूम छात्र को उसके ही सहपाठियों ने खेल-खेल में विवाद के दौरान राउंडर (डेढ़ टांगा) से हमला कर उसे घायल कर दिया, तो वहीं 9 वीं कक्षा के छात्र पर 11 कक्षा के छात्र ने साथियों के साथ मिलकर हमला कर उसे घायल कर दिया। इन घटनाओं ने स्कूली बच्चों के अभिभावकों को उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता में डाल दिया है। साथ ही ये ये संकेत दिए हैं कि स्कूली छात्रों में हिंसक प्रवृत्ति बढ़ रही है. मनोवैज्ञानिकों और शिक्षाविदों की मानें तो स्कूली छात्रों के मन में भरी कुंठा, ईर्ष्या और असहिष्णुता के कारण स्कूली बच्चे इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे समाज के लिए खतरा बनती जा रही है।

■ शेष पेज 3 पर



### चौथी के छात्र पर किए सौ से अधिक वार

जो उम्र मासूम बच्चों के खेलने कूदने की होती है, उस उम्र में बच्चे हिंसक हो रहे हैं और हमले जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। गत 24 नवंबर को एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित गरिमा विद्या विहार स्कूल में पढऩे वाले चौथी कक्षा के छात्र आराध्य पांडे के साथ घटना हुई, जिसमें उसके ही सहपाठियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए राउंडर से सौ से अधिक वार कर दिए। मामले में पुलिस के पास 26 नवंबर को शिकायत पहुंची। घायल छात्र के पिता ब्रजेश पांडे का कहना है कि उनका बेटा जब स्कूल से आया तो दहशत में था, उसने बताया कि उसके साथ तीन दोस्तों ने मारपीट की और अपने घाव बताते हुए कहा कि उसे डेढ़ टांगा से मारा है। इस पर परिजन स्कूल पहुंचे तो छुट्टी हो गई थी. दूसरे दिन स्कूल की प्रिंसिपल से संपर्क किया. उनसे सीसीटीवी फुटेज मांगे तो छुट्टी मामले को टालने की कोशिश की। इस पर पुलिस के पास पहुंचे।

### क्लास में नहीं थी टीचर

पीड़ित मासूम छात्र के परिजनों का कहना है कि जिस समय स्कूल में मारपीट हुई उस समय क्लास में कोई टीचर नहीं थी। इसलिए बच्चे मस्ती कर रहे थे और इसी दौरान विवाद हुआ।

### जांच के बाद स्कूल पर एक्शन

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा कमेटी बनाकर जांच की जा रही है। एसीपी मल्हारगंज विवेकसिंह का कहना है कि छात्र के साथ मारपीट करने वाले बच्चों के परिजनों को बुलाकर पूछताछ की जाएगी, वहीं मामले में अन्य जांच के बाद यदि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही मिलती है, तो कार्रवाई की जाएगी।

### 9वीं के छात्र पर किया हमला

चौथी के छात्र पर हमले की घटना के एक दिन पहले ही सेंटपाल स्कूल में छात्रों के बीच विवाद में 9 वीं के छात्र पर 11 वीं के छात्र ने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। मामले में पुलिस ने 11वीं क्लास के नाबालिग स्टूडेंट सहित तीन युवकों गिरफ्तार किया है। आरोपी छात्र के साथ उसका भाई कार्तिक पाटीदार और विनायक शर्मा भी मारपीट में शामिल है। सेंटपॉल हायर सेकेंडरी स्कूल में 9वीं क्लास के स्टूडेंट के साथ 11वीं क्लास के स्टूडेंट ने मारपीट कर दी थी। मारपीट में आरोपी छात्र के कुछ बाहरी साथी भी शामिल थे। घटना में 9वीं कक्षा में पढऩे वाले छात्र की एक आंख पर गहरी चोट लगी है। स्कूल परिसर में सुबह कुछ छात्रों के बीच विवाद हुआ था। छुट्टी होने पर आरोपी छात्र इसी रंजिश के चलते स्कूल पहुंचे थे। गलतफहमी में छात्र के साथ सरिए से मारपीट कर दी। उसकी आंख में गहरी चोट आई है।

# इंदौर का स्टार्टअप ग्लोबल चैम्पियन की सूची में शामिल

## ◆ क्लच ने शामिल किया अपनी सूची में, देश ही नहीं ग्लोबल स्तर पर रोशन हो रहा इंदौर का नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर की स्टार्टअप कंपनी ह्यमोशन गिलिटीह्न को बेस्ट ग्लोबल चैम्पियन स्टार्टअप की सूची में स्थान मिला है। इंटरनेशनल ह्यरेटिंग एंड रिव्यू एजेंसी- क्लचह्न ने बेस्ट परफॉर्मिंगक्रिएटिव स्टार्टअप हिमांशु चतुर्वेदी की सूची में शामिल किया है। ह्यमोशन गिलिटीह्न के फाउंडर हिमांशु चतुर्वेदी ने 5 साल पहले स्टार्टअप शुरू किया था। अब हार्ले डेविडसन, डिज्नी और पोर्शे जैसी कंपनियां उनकी क्लाइंट हैं। इंदौर के इस स्टार्टअप का एक ऑफिस अमेरिका में भी है। वहीं स्टार्टअप का टर्न ऑवर 15 करोड़ रुपए है।**

मोशनजिलिटी शहर का एक ऐनिमेशन स्टार्टअप है। जिसकी शुरूआत हिमांशु चतुर्वेदी और कोमल चतुर्वेदी ने 12वीं कक्षा में मिली स्कॉलरशिप के रुपयों से की थी। कंपनी 2017 से लगातार देश की टॉप कंपनी में से एक बनी हुए है, और 2020 से ग्लोबल कंपनी की सूची में शुमार है और इस वर्ष टॉप ग्लोबल चैम्पियन चुनी गई है।

कंपनी के फाउंडर हिमांशु चतुर्वेदी बताते है क्लच द्वारा हर स्तर पर कंपनी को परखा जाता है। कौन उनके क्लाइंट है, उन्होंने कंपनी को क्या रिव्यू दिए है, कितने समय में वो वर्क कम्पलीट करके देते है, कितना क्रिएटिव वर्क करके वो अपने क्लाइंट्स को देते है।

### 15 करोड़ रूपए है टर्नओवर

स्टार्टअप की को फाउंडर कोमल ने बताया कि स्टार्टअप की मार्केट वैल्यू 50 करोड़ रुपए है। हिमांशु ने अपने स्टार्टअप में 10 हजार से लेकर 1 लाख रुपए सैलरी पर क्रिएटिव हेड, कंसेप्ट हेड जैसी नौकरियां दी हैं। वहीं हिमांशु ने 5 साल में अपनी सैलरी में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। वह अपनी ही कंपनी में मात्र 15 हजार रुपए प्रति माह में काम कर रहे हैं। हिमांशु बताते हैं कि वह विश्व के कई देशों की बड़ी कंपनियों के लिए काम कर रहे हैं। डिज्नी जैसे विश्व के सबसे बड़े एनिमेशन हाउस के लिए भी एनिमेशन तैयार करते हैं। एएक्सएन सहित कई विदेशी चैनल्स के लिए भी स्थाई तौर पर काम कर रहे हैं। जबकि पोर्शे, मर्सिडीज, हार्ले डेविडसन, एडनॉक (यूएई की तेल निर्यातक कंपनी) के लिए स्थायी तौर पर काम करते हैं।

# इंदौर सहित प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दिल्ली रवाना

### दो दिनी आंदोलन में रखेंगी अपनी मांग; 11 और 12 दिसम्बर को बंद रहेंगी आंगनवाड़ियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने मुद्दों के समाधान में लापरवाही बरतने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ 11 और 12 दिसंबर से आंदोलन करेंगी। इसके लिए इंदौर सहित प्रदेश की 25 हजार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना हो चुकी हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार-मंगलवार को इंदौर की सभी आंगनवाड़ियां बंद रहेंगी। इसके लिए उन्होंने इंदौर कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी. को भी आवेदन दिया है।

जिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की अध्यक्ष राजकुमारी गोयल का कहना है कि प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लम्बे समय से वेतन वृद्धि, पेंशन, बीमा, स्थाई नियमितकरण, सामाजिक सुरक्षा, श्रमिक श्रेणी में मान्यता सहित अपनी कई मांगों को लेकर दो दिनी आंदोलन करके अपनी बात केंद्र के समक्ष रखेंगी। इससे पहले प्रदेश सरकार के समक्ष मागें रखी जा चुकी है अब तक लेकिन विचार नहीं किया गया।

अब प्रदेश की सभी आंगनवाड़ी कार्यकताओं में रोष है। इस वजह से अपनी बात को केंद्र सरकार तक पहुंचाने के लिए दिल्ली में प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है। शनिवार और रविवार को अलग-अलग समूहों में कई कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना हो चुकी हैं।

## मंदिर के निर्माण को तोड़ने के विरोध प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। कनाड़िया थाने पर आज संपत हिल्स कालोनी में रहने रहवासियों ने बड़ी संख्या में थाने पहुचकर कालोनी मे बनाए जा रहे मंदिर के निर्माण कों तोड़ने के विरोध में जमकर विरोध प्रदर्शन नारेबाजी करते हुए मंदिर की जमीन पर कब्जा करने वाले लोगो के खिलाफ गिरफ्तार करने की मांग की। बायपास से सटी संपत हिल्स के रहवसी संघ में लोग कनाड़िया थाने पहुचे ओर थानां प्रभारी को एक ज्ञापन देकर मंदिर के निर्माण को तोड़कर उस जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे लोगो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग है ओर तो ओर जब तक पुलिस इन कब्जा करने वालो को गिरफ्तार नही कर लेती तब तक सभी रहवसी थाने के बाहर ही बैठे रहेगा।

# हंसदास मठ पर आज से योग की नियमित निःशुल्क कक्षाएं, शिविर का हुआ समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेली देवी योग केन्द्र की मेजबानी में एयरपोर्ट रोड, बड़ा गणपति स्थित हंसदास मठ पर आज योग शिविर में हंसदास मठ के संस्कृत विद्यालय के बटुकों सहित 320 साधकों ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी दर्ज कराई। योगाचार्य रमेश मुरारका ने 21 प्रकार की ताली एवं हास्य योग का अदभुत प्रदर्शन भी किया, वहीं योग टेम्पल के योगाचार्य मनोज गर्ग एवं पुणे की तेजाश्री ने साधकों को योग की नियमित विधाओं का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर शिविर संयोजक किशोर गोयल ने सभी योग प्रेमी साधकों को प्रतिदिन योग साधना करने और यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही अपने आसपास स्वच्छता का पूरा ध्यान रखने की शपथ दिलाई।**

गत 8 दिसम्बर से हंसदास मठ पर चल रहे निशुल्क योग शिविर आज रविवार होने से 320 साधक शामिल हुए। साधकों के उत्साह को देखते हुए शिविर के आयोजकों ने 11 दिसम्बर से प्रतिदिन सुबह 6.45 से 7.45 बजे तक योग की नियमित कक्षाएं जारी रखने की घोषणा की। अब हंसदास मठ पर नियमित रूप से योग प्रशिक्षण की कक्षाएं जारी रहेंगी। शिविर के समापन अवसर पर हंसदास मठ के महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं पं. पवनदास महाराज भी उपस्थित थे, जिन्होंने योग के लिए हंसदास मठ को प्रतिदिन सुबह उपलब्ध कराने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर योगाचार्य रमेश मुरारका ने 21 तरह की तालियां और अन्य हास्य योग का प्रदर्शन कर साधकों को खूब हंसाया। अब यहां सोमवार से योग की नियमित कक्षाएं लगना शुरू हो जाएंगी।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# अग्रसेन यूथ क्लब में वरिष्ठों के हस्तक्षेप से नए पदाधिकारियों का निर्विरोध हुआ निर्वाचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अग्रवाल समाज के युवाओं की अग्रणी एवं प्रतिनिधि संस्था अग्रसेन यूथ क्लब की साधारण सभा आज सुबह अग्रवाल नगर स्थित महाराजा अग्रसेन उद्यान पर सौल्लास संपन्न हुई, जिसमें वर्ष 2024 के लिए क्लब की नई कार्यकारिणी का सवार्नुमति से गठन किया गया। निर्वाचन अधिकारी संदीप गोयल ने करतल ध्वनि के बीच सर्व सम्मति से नामांकन समिति द्वारा निर्धारित टीम के पदाधिकारियों ने रजत गर्ग को अध्यक्ष, अंकित गोयल फार्मा को उपाध्यक्ष एवं प्रतीक गुप्ता को सचिव निर्वाचित घोषित किया। अन्य पदाधिकारियों में हितेश गोयल कोषाध्यक्ष तथा सौरभ गोयल बालाजी सहसचिव नियुक्त किए गए। कार्यकारिणी में रितिक बढ़ुका, श्रेय गोयल, रोहित अग्रवाल, मयूर अग्रवाल एवं आदित्य अग्रवाल शामिल किए गए। क्लब के निर्विरोध निर्वाचन में वरिष्ठ समाजसेवी एवं केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंघल, संजय बांकड़ा, दिलीप मेंमदीवाला, अतुल गर्ग, राजू बांकड़ा, बंटी गोयल, प्रयोग गर्ग की सार्थक भूमिका रही, जिसके लिए निवृत्तमान अध्यक्ष हर्ष अग्रवाल एवं सचिव अंकित गोयल ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। साधारण सभा के संयोजक मनोज बंसल टेस्टी एवं रघुनंदन बंसल ने प्रारंभ में निवृत्तमान एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया।

# जिले में पल्स पोलियो अभियान शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में आज पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। सांसद श्री शंकर लालवानी और कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने शासकीय प्रकाशचंद सेठी सिविल अस्पताल में रुद्रांश और हर्षवर्धन को पोलियो की ड्राप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एस. सैत्या, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. तरुण गुप्ता, जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी डॉ. मनीषा पंडित, जिला कार्यक्रम प्रबंधक



डॉ. शिवराज सिंह चौहान, पीसी सेठी अस्पताल के प्रभारी डॉ. राजवीर, संयोगितागंज जोनल मेडिकल ऑफिसर डॉ. अजय गुप्ता एवं अन्य चिकित्सक उपस्थित थे। शासकीय प्रकाशचंद सेठी सिविल अस्पताल में सांसद श्री शंकर लालवानी और कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने पोलियो के प्रचार-प्रसार हेतु वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एस. सैत्या ने बताया कि आज से इंदौर जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया है। प्रथम दिन 0 से 5 वर्ष तक के 38 लाख 9 हजार 395 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी गई। उन्होंने बताया कि इंदौर जिले में 5 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य है। शेष रहे बच्चों को अगले दो दिन घर-घर जाकर दवाई पिलाई जाएगी।

**हिंसक होते स्कूली छात्र....** **प्रथम पेज का शेष**

# दो स्कूली छात्र की हो चुकी है हत्या

शहर में स्कूली छात्रों की हिंसक प्रवृत्ति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जुलाई 2023 में एक स्कूली छात्र की हत्या भी हो चुकी है। जांच में पुलिस को पता चला कि सिगरेट पीने को लेकर दोनों छात्रों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद आरोपी ने हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया। मामला शासकीय स्वामी विवेकानंद स्कूल का है। यहां पढने वाले 12वीं और 11वीं के छात्रों के बीच सिगरेट की बात को लेकर विवाद हो गया था। सीनियर ने जूनियर की शिकायत स्कूल में की थी। इसी बात से नाराज जूनियर ने सीनियर छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। इसी प्रकार परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के नंदानगर में जनवरी 2022 में स्कूली छात्रों के बीच विवाद में एक छात्र की हत्या कर दी गई। जबकि दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक का नाम शिवम पिता मानसिंह चौहान निवासी गौरीनगर है। चाकू मारने वाला आरोपी बैचमेट ही था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। जांच में पुलिस को पता चला कि शिवम स्कूल की किसी लडक़ी के साथ बात करता था। इसी बात पर आरोपी छात्र ने आपत्ति जताई थी। इसे लेकर दोनों में कई बार कहासुनी भी हो चुकी थी। नंदानगर स्थित हायर सेकंडरी स्कूल में शिवम, नरेंद्र मुकुल कोरी और नितिन मथुरा चौरसिया 11वीं में पढ़ते हैं। घायल छात्र नितिन ने पुलिस को बताया कि स्कूल से शिवम, नरेंद्र और अन्य छात्र माधव के साथ घर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में आरोपी छात्र आया। उसने बिना कुछ कहे चाकू निकालकर शिवम के पेट में घोंप दिया। वो बचाने गए, तो आरोपी ने उन पर भी वार किया। इसके बाद आरोप भाग गया। बाद में पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।

### पार्टी के लिए रची अपने ही अपहरण की साजिश

जुलाई 2023 में एक और चौंकाने वाला सामने आया, जिसमें देवास से इंदौर पढ़ाई के लिए आए एक छात्र ने पैसों के लिए अपने ही अपहरण की झूठी कहानी रच दी। पुलिस ने छात्र और उसके दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। मामला विजयनगर थानाक्षेत्र का है। मुकेश बड़ौतकर निवासी देवाास ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई कि उनके बेटे का अपहरण हो गया और रुपयों की मांग की जा रही है। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और वीडियो के आधार पर जांच शुरू की.इस जांच में सामने आया कि छात्र आयुष ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर अपने अपहरण की झूठी कहानी रची थी। छात्रों ने बताया कि उसे पार्टी करने के लिए पैसे चाहिए थे। इसके लिए उसने ऐसा किया.वहीं पुलिस ने छात्र आयुष और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है. उनके खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया है।

### देश के अन्य शहरों में छात्रों की हिंसक घटनाएं

दिल्ली के ज्योति नगर इलाके के एक सरकारी स्कूल में कुछ छात्रों ने 10वीं के छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। दिल्ली से सटे गुरुग्राम के एक बड़े निजी स्कूल में हुई बहुचर्चित प्रद्युम्न हत्याकांड समाज को झकझोर कर रख देने वाली घटना है। उधर, गुजरात के वड़ोदरा में एक छात्र की चाकू से 31 बार वार कर हत्या कर दी गई। दक्षिणी राज्य तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के सेंट मैरी एग्लो इंडियन स्कूल में 12वीं कक्षा के एक छात्र ने प्रधानाचार्य की हत्या कर दी। देशभर में इस तरह की कई घटनाएं हैं, जो स्कूली छात्रों में पनप रही हिंसा की प्रवृत्ति की ओर इशारा करती हैं. ये घटनाएं समाज के लिए खतरे की घंटी हैं।

### कुंठा और दबाव का नतीजा

स्कूली छात्रों की प्रवृत्ति में आए बदलाव के बारे में मनोचिकित्सकों का कहना है कि स्कूली बच्चों द्वारा हिंसा कुंठा और दबाव का नतीजा है। स्कूली बच्चों की प्रवृत्ति में आए बदलाव एक कारण यह है कि परिवारों का बच्चों से संवाद कम हो गया है। माता पिता बच्चों को अधिक समय नहीं दे पा रहे हैं जिस कारण बच्चों में नैतिक मूल्य का निर्माण नहीं हो पा रहा है। इससे बच्चों में सहयोग व सद्भाव वाली भावना घट रही है। दूसरा कारण है मानसिक दबाव और तनाव में रहेंगे ही. वे कब क्या कर बैठेंगे, कोई नहीं जानता।

### बच्चों के व्यवहार पर रखें नजर

अगर आपको अपने बच्चे के व्यवहार में परिवर्तन नजर आ रहा है तो आपको भी अलर्ट हो जाना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि अपने बच्चे के इस परिवर्तन का कारण पता करने की कोशिश करें। उसे मोबाइल देने की जगह उसके साथ समय बिताने की कोशिश करें।

# मैरी कॉम ने कहा कड़ी मेहनत करें, कबीर बेदी बोले कल्पनाशीलता भी जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। डेली कॉलेज ने रविवार को अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के आरंभ में मंच पर आसीन डेली कॉलेज बोर्ड के अध्यक्ष महाराज विक्रम सिंह पुआर, उपाध्यक्ष राजवर्धन सिंह का स्वागत किया गया। फिर डेली कॉलेज बोर्ड के अध्यक्ष महाराज विक्रम सिंह पुआर ने आज के दो मुख्य अतिथियों मैरी कॉम और कबीर बेदी का स्वागत किया। इसके बाद प्राचार्या डॉ. गुनमीत बिन्द्रा ने मैरी कॉम और कबीर बेदी के प्रेरणास्पद व्यक्तित्व को उनकी महान उपलब्धियों और उनके कार्यों के माध्यम से याद किया।



### मैरी कॉम और कबीर बेदी ने दिए सफलता के मंत्र

गैरपेशेवर मुक्केबाजी की विश्व-चैम्पियन तथा ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता मैरी कॉम ने डेली कॉलेज की प्रगति की सराहना की और विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता प्रकट की। उन्होंने इस बात के लिए ओल्ड डेलियंस की तारीफ की कि डेली कॉलेज के साथ उनका कितना गहरा आत्मीय रिश्ता है। उन्होंने अपनी बड़ी उपलब्धियों के पीछे संघर्ष के विराट इतिहास को भी रेखांकित किया और विशेष रूप से छात्राओं से कहा कि वे अपने जीवन में लक्ष्यों को हासिल करने के लिए खूब मेहनत करें और जीवन को सार्थक बनाएं।

इसके पश्चात फिल्म अभिनेता और लेखक कबीर बेदी ने कहा कि मानव-जीवन का इतिहास पिछले 120 वर्षों में आश्चर्यजनक रूप से बदला है। हमें इस बदलाव को गहराई से समझना होगा और इस पृथ्वी के वातावरण को संतुलित रखने के लिए प्रयास करने होंगे। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि ज्ञान अर्जित करना एक बात है और कल्पनाशीलता दूसरी बात है। हमें अपनी कल्पनाशीलता को बढ़ाने के निरंतर प्रयास करते रहने चाहिए तभी इस धरती पर नवोन्मेष और नवाचार की संभावनाओं के द्वार खुलेंगे।

### नाटक में बताई महिलाओं की सामाजिक भूमिका

इसके बाद डेली कॉलेज के विद्यार्थियों ने एक भव्य सांगीतिक नाटक खेला। इसका शीर्षक था इनायत। इनायत में संसार की तमाम महिलाओं की जीवन-यात्रा को रेखांकित किया गया था। इस अनूठी प्रस्तुति के समापन के पश्चात डेली कॉलेज बोर्ड के अध्यक्ष महाराज विक्रम सिंह पुआर ने मुख्य अतिथियों को चिह्न भेंट किए। इस अवसर पर डेली कॉलेज बोर्ड तथा ओल्ड डेलियन एसोसिएशन के सदस्य, वरिष्ठ उपप्राचार्य, उपप्राचार्य-द्वय के अलावा बड़ी संख्या में ओल्ड डेलियन, अभिभावक, विद्यार्थी, शिक्षक समुदाय और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# इंदौर में रोजगार मेला 13 दिसम्बर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में 13 दिसम्बर 2023 को जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में 500 से अधिक युवाओं को नौकरी दिलवायी जाएगी। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेला 13 दिसम्बर 2023 (बुधवार) को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 03 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास) पोलोग्राउन्ड इन्दौर में आयोजित होगा। उक्त रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे- डीटी इण्डस्ट्रीज, जस्ट डायल, शैफाली बिजनेस सोल्यूशन, एसडी कन्सल्टेन्ट, व्ही फाईव ग्लोबल (भारतीय एयरटेल), नेत्सुर्प होम केयर, विक्ट्री टर्मिनल, करियर कोच, शाओमी ब्रांड प्रमोटर एवं मेनपॉवर सर्विसेज आदि के लगभग 500 से अधिक अधिक विभिन्न पदों जैसे-सेल्स एक्जिकेटिव, टेक्नीशियन, टेलीकॉलर, सैल्स, टीम लीडर, सुरक्षा गार्ड, हैल्पर, पेकर, आदि के पदों हेतू आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदको के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे। उक्त मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो की अनपढ़ से लेकर स्नातकोत्तर किसी भी विषय में उत्तीर्ण है अथवा तकनिकी योग्यता है को रोजगार दिया जाएगा।

# आरएसएस के मालवा प्रांत में बड़े बदलाव, मोढ होंगे इंदौर विभाग के संघ चालक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत में कुछ बड़े बदलाव हुए है। शाजापुर में हुई तीन दिवसीय बैठक में इसकी जानकारी दी गई।डॉ प्रकाश शास्त्री फिर से मालवा प्रांत के संघ चालक बनाए गए है। उनका कार्यकाल तीन साल का रहेगा। शास्त्री को निर्विरोध चुना गया है। इसके अलावा इंदौर विभाग के संघ चालक की जिम्मेदारी डॉ. मुकेश मोढ को दी गई है।**



वे अभी तक मालवा प्रांत के सह संपर्क प्रमुख की भूमिका में थे। उनका निर्वाचन भी निर्विरोध हुआ है।इंदौर विभाग के वर्तमान संघ चालक शैलेंद्र महाजन को अब मालवा प्रांत का सह कुटुंब प्रबोधन प्रमुख बनाया गया है।

इसके अलावा विनय पिंगले को मालवा प्रांत का सह संपर्क प्रमुख बनाया गया है।वे अभी इंदौर विभाग के संपर्क प्रमुख का दायित्व संभाल रहे थे।श्रीनाथ गुप्ता जो अभी प्रांत सह संपर्क प्रमुख की भूमिका में थे, उन्हें अब मालवा प्रांत का सह कार्यवाह बनाया गया है।

शाजापुर में हुई बैठक में मालवा प्रांत के पदाधिकारी शामिल हुए। जिसमें क्षेत्र संघ चालक अशोक सोहनी ने कहा कि अयोध्या में राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण को लेकर स्वयंसेवक समाज के बीच जाए। बैठक में मालवा प्रांत में शाखाएं बढ़ाने पर जोर दिया गया। नए साल में होने वाले संघ के कार्यक्रमों की जानकारी भी बैठक में दी गई।

# खाद के लिए लाइन में लगीं बेटिया

## ◆ कहा-फसल की चिंता में स्कूल-कॉलेज नहीं जा पा रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर। दो बोरी खाद के लिए कई दिनों से लाइन में लगना पड़ रहा है, ये कैसी व्यवस्था है... गुस्से में यह बात गोरीबाई अहिरवार ने कही। वे खाद के लिए पिछले 8 दिन से 20 किमी दूर गढ़ीमलहरा से छतरपुर आ रही हैं। बेटी संतोषी भी कॉलेज जाना छोड़कर सुबह से शाम तक मां के साथ लाइन में खड़ी हो रही है। गोरीबाई कहती हैं- सीएम ने हमें लाड़ली बहन तो बना लिया लेकिन उनकी लाड़ली बहनें इस कदर परेशान हैं, इसका अंदाजा शायद उनको नहीं है। हमारी परेशानी कोई नहीं सुन रहा है।**

मध्यप्रदेश के कई जिलों में इन दिनों खाद के लिए लंबी कतारें नजर आ रही हैं। किसान और उनके परिवार का पूरा दिन खाद वितरण केंद्रों के बाहर लाइन में लगकर बीत रहा है। महिलाएं घर का काम तो स्टूडेंट अपनी पढ़ाई छोड़कर खाद के लिए कई मील चलकर लाइनों में लग रहे हैं।

सुबह लाइन में लगकर शाम को खाली हाथ लौट रहे

छतरपुर स्थित टढ एग्रो खाद वितरण केंद्र बंद होने की जानकारी मिलने पर शनिवार सुबह करीब 10 बजे हमारी टीम यहां पहुंची। केंद्र पर किसान, महिलाएं और लड़के-लड़की नजर आए। खाद के लिए खड़ी एक महिला से बात की तो उन्होंने अपना नाम गोरीबाई अहिरवार बताया। गोरीबाई ने कहा- 20 किलोमीटर का सफर तय कर बेटी संतोषी अहिरवार के साथ खाद लेने आई हूं। मां आगे कुछ कहती, इससे पहले बेटी संतोषी बोल पड़ी। कहा- मैं बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा हूं। इस समय फसलों को खाद की बहुत जरूरत है, इसलिए पिछले 8 दिनों से कॉलेज जाना छोड़कर मां के साथ सुबह 8 बजे खाद लेने छतरपुर आ जाती हूं। शाम को बैरंग लौट रही हूं। आज भी सुबह मां के साथ खाद लेने आई लेकिन साढ़े 11 बजे तक केंद्र पर ताला लटका रहा। दोपहर में व्यक्ति आया और उसने बताया कि खाद नहीं है, इसलिए आज सेंटर खुला ही नहीं है।

### समय पर खाद नहीं मिली तो पूरी फसल खराब हो जाएगी

संतोषी का कहना है- न पढ़ाई कर पा रही हूं, न खाद मिल पा रही है। रोज-रोज की परेशानी को बताने के लिए कलेक्टर संदीप जीआर और अऊट नमः शिवाय अरजरिया को भी फोन लगाया था। कलेक्टर से कहा, ह्यसर, मैं अपना कॉलेज और पढ़ाई छोड़कर छतरपुर खाद लेने आ रही हूं, मेरी समस्या का समाधान करें।ह्व उन्होंने कहा- दिखवाते हैं।

संतोषी का कहना है कि अगर समय पर खाद नहीं मिली तो पूरी फसल खराब हो जाएगी। हमारे सामने गुजर-बसर की समस्या खड़ी हो जाएगी।

मां गोरीबाई का कहना है कि घर का काम छोड़कर खाद के लिए लाइन में लगते हैं। एक व्यक्ति को 2 बोरी खाद मिलती है, इसलिए बेटी को साथ लेकर आती हूं। इस प्रकार से हमें चार बोरी खाद मिल जाएगी। हमारे पास 20 एकड़ खेती है और दो बोरी खाद दे रहे हैं। इतने में क्या होगा?

# स्कूल बस में लगी आग, पिकनिक मनाने जा रहे थे 37 बच्चे

## ◆ धुआं निकलते ही ड्राइवर ने उतारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में पिकनिक मनाने जा रहे बच्चों की स्कूल बस में आग लग गई। स्कूल स्टाफ और बच्चों को समय रहते बस से सुरक्षित निकाल लिया गया। राहगीरों ने फायर ब्रिगेड को कॉल किया, इसके बाद सेना की तीन दमकल मौके पर पहुंची। तब तक बस जलकर खाक हो चुकी थी।**

एमएस विनेकी स्कूल की टीचर शोभा सैरेया ने बताया, बस में करीब 37 बच्चे और टीचर सवार थे। ये सभी रविवार को पिकनिक के लिए डुमना जा रहे थे। अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और बस रुक गई। धुंआ निकलते देख ड्राइवर ने सभी को बस से नीचे उतार लिया। इसके कुछ सेकेंड बाद ही आग ने पूरी बस को चपेट में ले लिया। शॉर्ट सर्किट हुआ और बस रुक गई। बच्चों को बाहर निकालने के बाद कुछ ही सेकेंड में बस में आग लग गई।

### सेना के वाहन से पिकनिक स्थल पहुंचे बच्चे

टीचर शोभा ने बताया, इसके पहले भी हम बच्चों को कई बार यहां पिकनिक पर लाए हैं, लेकिन ऐसा पहली बार हुआ जब बस में अचानक आग लग गई हो। बच्चे हादसा देखकर डर गए थे। सभी सुरक्षित हैं। सेना ने अपने वाहन से हमें पिकनिक स्थल तक पहुंचाया। जवानों को धन्यवाद।

# गुना में युवक ने पपी को पटका, कुचलकर मार डाला

## सिंधिया ने कहा- शिवराज जी, यह भयावह; सीएम बोले- सख्त एक्शन लेंगे; आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** गुना में कुत्ते के बच्चे की हत्या पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संज्ञान लिया है। सिंधिया ने रविवार 10 दिसंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मुख्यमंत्री को टैग करते हुए लिखा, ह्ययह भयावह और परेशान करने वाला है।ह्व जवाब में सीएम ने लिखा, ह्यसख्त कार्रवाई की जाएगी। जिम्मेदार व्यक्ति को परिणाम भुगतने होंगे।ह्व

दरअसल, शनिवार 9 दिसंबर को गुना का एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें एक शख्स कुत्ते के बच्चे को जमीन पर पटकते और फिर उसे पैरों से कुचलते हुए दिख रहा है। जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ, शहर के तमाम सोशल मीडिया ग्रुप्स पर लोगों की भारी नाराजगी सामने आने लगी।

लोगों ने कहा- बेजुबान जानवर के साथ इस तरह क्रूरता करने वाले शख्स पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए। रविवार को पुलिस ने गुना स्थित राधापुर कॉलोनी निवासी आरोपी मृत्युंजय जादौन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दुकान के बाहर बैठकर कुछ खा रहा था। उसके पास दो पपी आए। इनमें से एक (लेफ्ट) को उसने जमीन पर दे मारा। बाद में पैर से कुचलकर मार दिया।

**आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं-** घटना जिस जगह हुई, वहां लगे कैमरे में पूरा मामला रिकॉर्ड हो गया। इसमें दिखाई दे रहा है कि एक व्यक्ति दुकान के आगे बैठा हुआ है। इतने में कुत्ते के दो बच्चे वहां आते हैं। उनमें से एक उस शख्स के पास पहुंच जाता है। अचानक वह शख्स उस बच्चे को उठाकर पूरी ताकत से जमीन पर दे मारता है। यही नहीं, वह शख्स उस बच्चे को पैरों से कुचल भी देता है। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि यह हरकत करने वाला व्यक्ति की मानसिक स्थिति ठीक नही है। लोगों का कहना है किऐसे व्यक्ति को इस तरह खुला रखना और ज्यादा खतरनाक है। उसे सेफ कस्टडी में रखा जाना चाहिए।

**शिवराज ने लिखा- घटना से परेशान हूं-** सिंधिया ने पर लिखा, ह्ययह भयावह और परेशान करने वाला है। इसमें कोई संदेह नहीं कि इस बर्बरता के लिए उस व्यक्ति को दंडित किया जाना चाहिए। शिवराज जी, कृपया देखें। सीएम शिवराज ने जवाब देते हुए लिखा, ह्यभयावह घटना से बेहद परेशान हूं। न्याय सुनिश्चित करने के लिए त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी। हम बर्बरता के ऐसे कृत्यों की स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं और जिम्मेदार व्यक्ति को परिणाम भुगतने होंगे।

आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री ने पर एक और पोस्ट लिखते हुए कहा, ह्यपशु क्रूरता की घटना हृदय विदारक है। कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। बर्बरता के ऐसे सभी कृत्य अक्षम्य हैं।

# कांग्रेस के पूर्व विधायक समेत 6 पर एफआइआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार। कांग्रेस के पूर्व विधायक पांचीलाल मेड़ा समेत 6 लोगों पर एक महिला ने एफआइआर दर्ज कराई है। महिला ने कहा, ह्यपांचीलाल से मेरे प्रेम-संबंध थे। अब वे साथियों के साथ मिलकर मुझे धमका रहे हैं।ह्व महिला ने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।**

धामनोद पुलिस ने बताया कि 29 नवंबर को 40 साल की महिला ने जहर खा लिया था। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। यहां उसने पति का नाम पांचीलाल मेड़ा लिखवाया था। मामला थाने पहुंचा। 2 दिसंबर को धार महिला थाने में उसके बयान दर्ज हुए थे। उसने बताया कि मेड़ा ने मुझे मकान देने से मना करते हुए चुप रहने को कहा। धमकी दी कि ऐसा नहीं किया तो जान से खत्म कर दूंगा। इसके बाद मैंने जहर खा लिया था।

### महिला बोली- मुझे और मेरे बच्चों को जान का खतरा

महिला ने बताया- मैं धामनोद में रहती हूं। 12 साल से पांचीलाल से मेरे प्रेम संबंध हैं। मेरे दो बच्चे हैं। पति से अलग होने के बाद पांचीलाल ही हमें संभाल रहा था। साथ में रहने के बाद भी वह मुझे मान-सम्मान भी नहीं दे रहा है। मुझे कहा कि तेरे जैसी औरतें बहुत आईं। मैं विधायक रहा हूं, मेरा कोई क्या कर लेगा। जान से मारने की धमकी दी। मुझे और बच्चों को जान का खतरा है।

### पुलिस जांच में महिला को कॉल करने की पुष्टि

पुलिस ने महिला के बयानों की जांच की। इसमें पता चला कि 29 नवंबर को पांचीलाल मेड़ा समेत 6 लोगों के मोबाइल से महिला को कॉल किया गया है। इनके बीच लगातार बातचीत हुई थी। यह भी पता चला कि महिला और पांचीलाल मेड़ा के बीच संबंध हैं। मेड़ा ने उसे जान से खत्म करने की धमकी दी थी। जांच के बाद पांचीलाल मेड़ा, भीम ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, विजय पाटीदार, कुंदन राजपूत और रोहित सिंगारे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# प्रेमी युगल का सुसाइड या मर्डर

## ◆ पिता बोले- लड़की के घरवालों को सब पता था, बताया होता तो बेटे को समझा लेते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** गुना से 180 किलोमीटर दूर शाजापुर में प्रेमी युगल के सुसाइड का मामला अब उलझता जा रहा है। युवक के पिता बलराम ने इस मामले को हत्या बताया है। उनका कहना है कि लड़की के परिवार वालों को सब पता था। उन्होंने ही इस पूरी घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद जब वे शाजापुर पहुंचे तो उनके बेटे का शरीर कई टुकड़ों में मिला था। शरीर पर कपड़े तक नहीं थे। इसके अलावा बाइक और मोबाइल भी नहीं मिला।

उन्होंने कहा, ह्यलड़की के परिवार वालों को पहले से सब पता था। उन्होंने एक बार भी नहीं बताया। अगर बता देते तो अपने लड़के को समझाते। घटना से एक दिन पहले लड़की का मामा घर आया और बोला कि तुम्हारा लड़का मेरी भांजी को भगा ले गया है।

**हथेली पर लिखे मिले नंबर से हुई पहचान-** 28 नवंबर को शाजापुर में युवक-युवती का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। लड़के का शव क्षत-विक्षत हो गया था। पुलिस का मानना है कि दोनों ने वंदे भारत ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। युवती की हथेली पर बहन का मोबाइल नंबर लिखा था, जिससे उसकी शिनाख्त हुई। वह गुना जिले के खुटियावद गांव की रहने वाली रश्मि साहू थी।

युवक की पहचान गुना के तरावटा गांव के दिलीप कुशवाह के रूप में हुई। मक्सी पुलिस ने दोनों के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया।

# मालवा प्रांत के संघ चालक बने प्रकाश शास्त्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर।** शाजापुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहा है। जिसमें 1000 से अधिक कार्यकर्ता मालवा प्रांत के विभिन्न जिलों तहसीलों से शामिल हुए। कार्यकर्ता सम्मेलन के तीसरे दिन प्रांत संघ चालक का निर्वाचन हुआ। रविवार को मिली जानकारी के अनुसार, संघ की रीति-नीति के अनुसार हर 3 साल में यह निर्वाचन प्रक्रिया होती है। जिसमें संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से सभी की सहमति से वर्तमान मालवा प्रांत के संघ चालक प्रकाश शास्त्री का फिर से अगले 3 वर्षों के लिए मालवा प्रांत संघ चालक के लिए निर्वाचन हुआ है, जो सेवा निवृत्त कृषि वैज्ञानिक है और मूलतः खंडवा के निवासी हैं। मालवा प्रांत के प्रांत संघ चालक निर्वाचित होने के बाद डॉक्टर प्रकाश शास्त्री ने प्रांत की कार्यकारिणी घोषित की। जिसमें विनीत नावाचे प्रांत कार्यवाह रघुवीर सिंह सह प्रांत कार्यवाह, नाथजी गुप्ता सह प्रांत कार्यवाह, प्रांत संपर्क प्रमुख विवेक दुबे, प्रांत प्रचार प्रमुख विनय दीक्षित, सह प्रचार प्रमुख प्रकाश शर्मा, सेवा प्रमुख योगेश शर्मा सहित अन्य दायित्व सौंपे गए।

Jharkhand

# सीएम सोरेन की नहीं थम रहीं मुश्किलें, धनशोधन मामले में ईडी के सामने कल होना होगा पेश

**रांची, (एजेंसी) झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को एक नया समन जारी किया है।**

सूत्रों के अनुसार, सोरेन को संघीय एजेंसी के कार्यालय में पेश होने और धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। बता दें, मुख्यमंत्री को 12 दिसंबर को ईडी के सामने पेश होना है।

गौरतलब है, सोरेन को छठी बार नोटिस जारी किया गया है। पहले पांच समन जारी होने के बाद भी वह कभी पेश नहीं हुए क्योंकि उन्होंने ईडी की कार्वाई से



संरक्षण की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। ईडी उस मामले की जांच कर रही है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि झारखंड में माफिया द्वारा अवैध तरीके से जमीन के मालिकाना हक में बदलाव का एक बड़ा रैकेट चल रहा है। इस मामले में अभी तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार लोगों में 2011 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी छवि रंजन भी शामिल हैं, जो पहले राज्य समाज कल्याण विभाग के निदेशक और रांची के उपायुक्त के रूप में कार्य कर चुकी हैं।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 48 वर्षीय नेता से ईडी ने पिछले साल नवंबर में राज्य में कथित अवैध खनन से जुड़े धनशोधन के एक अन्य मामले में पूछताछ की थी।

Maharashtra

## बिजनेसमैन से 1.5 करोड़ रुपये लिए उधार, फिर सुपारी किलर्स से करवा दी उसी की हत्या

**ठाणे, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के ठाणे में 55 साल के बिजनेसमैन की हत्या मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के अनुसार, 40 साल के कर सलाहकार (टैक्स कंसलटेंट) ने बिजनेसमैन से 1.5 करोड़ रुपये उधार लिए थे. लेकिन जब बिजनेसमैन ने उससे रुपये वापस मांगे तो कर सलाहकार बहाने बनाने लगा. बाद में उसने अपने साथी की मदद से भाड़े के दो सुपारी किलर्स को हायर किया. फिर बिजनेसमैन की हत्या करवा डाली, ताकि उसे रुपये वापस करने की नौबत न आ जाए. एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आरोपी टैक्स कंसलटेंट की पहचान 40 साल के भूषण पाटिल के रूप में हुई है. उसने सतीश पाटिल नामक बिजनेसमैन से 1.5 करोड़ रुपये उधार ले रखे थे. जब रुपये वापस देने का समय आया तो भूषण के मन में लालच आ गया. उसने अपने साथी नितिन पाटिल से इस बारे में बात की. दोनों ने फिर दो सुपारी किलर्स से संपर्क किया. उन्हें कुछ रुपये देकर कहा कि वो सतीश पाटिल को मार दें.

सुपारी किलर्स ने भी सतीश पाटिल की तलवार से हत्या कर दी. जब सतीश की हत्या का मामला पुलिस तक पहुंचा तो पुलिस ने जांच शुरू की.

Bihar

## मोतिहारी में गैंगवॉर; घर के बाहर गैंगस्टर को गोलियों से भूना, ताबड़तोड़ 6 गोली मारीं, मौके पर मौत

**मोतिहारी, (एजेंसी)** मोतिहारी जिले के पताही थाना क्षेत्र के गोनाही गांव में अविनाश सिंह उर्फ नन्हकू सिंह उर्फ नन्हक सिंह की हत्या गैंगवार में की गयी। घटनास्थल के मार्ग पर लगे सभी सीसीटीवी को पुलिस खंगाल रही है। घटनास्थल से 12 खोखा बरामद किया गया है। जिसमें तीन खोखा अलग है जो नाइन एमएम पिस्टल का है। पुलिस को ऐसी आशंका है कि मृतक भी अपने हथियार से फायरिंग की है। उसका हथियार भी पुलिस खोज रही है। पोस्टमार्टम के समय डॉक्टरों ने नन्हकू के शरीर में छह गोलियों के निशान पाये हैं। एसपी कांतेश कुमार मिश्र का कहना है कि हत्या गैंगवार में की गयी है। पुलिस हत्यारे की तलाश कर रही है। पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में कांड के भंडाफोड़ के लिये एसआईटी का गठन किया गया है।

New Delhi

## गैस चैंबर बनने वाली है दिल्ली, अगले दो दिन में बढ़ेगा प्रदूषण; तापमान में गिरावट से रात में बढ़ी ठंड

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पहले से ही बेहद खराब हवा में सांस ले रहे दिल्लीवालों को और भी ज्यादा प्रदूषण के लिए तैयार रहना चाहिए। हवा की रफ्तार घटने से अगले दो दिनों में प्रदूषण स्तर में इजाफा होने की संभावना है। दिल्ली के लोगों को इस बार अक्तूबर के दूसरे पखवाड़े से ही खराब हवा में सांस लेनी पड़ रही है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 314 रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले शनिवार को यह सूचकांक 321 रहा था, यानी चौबीस घंटे के भीतर इसमें सात अंकों का सुधार हुआ, लेकिन यह बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है। फिलहाल दिल्ली के ज्यादातर इलाकों का सूचकांक 300 के पार चल रहा है।

दिल्ली को अब जहरीले प्रदूषण से पश्चिमी विक्षोभ के चलते होने वाली बारिश ही बचा सकती है, लेकिन अगले पांच-छह दिनों में इस तरह के मौसमी सिस्टम के सक्रिय होने की उम्मीद नहीं है। इसके चलते लोगों को जहरीले प्रदूषण का सामना करना पड़ेगा। वहीं, अगले दो-तीन दिनों में हवा की रफ्तार और कम होने की संभावना है। इससे प्रदूषण स्तर में बढ़ोतरी होगी।

खेल

# भारत ने अमेरिका को हराया, जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में नौवें स्थान पर रहा



**नई दिल्ली।** गोलकीपर माधुरी किंडो के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अमेरिका को सडन डेथ में 3 -2 से हराकर जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में नौवां स्थान हासिल किया। क्लासिफिकेशन मैच में भारत और अमेरिका ने निर्धारित समय में दो-दो गोल किए थे। इसके बाद मैच सडन डेथ तक खिंच गया जिसमें माधुरी ने शानदार बचाव किया जबकि रुताजा दादासो पिसल ने गोल करके भारत को जीत दिलाई। निर्धारित समय में भारत की तरफ से मंजू चौरसिया (11वें) और सुनेलिता टोप्पो (57वें) ने एक-एक गोल किया, जबकि अमेरिका की तरफ से दोनों गोल कीर्स्टन थॉमासी (27वें और 53वें) ने किए। पेनॉल्टी शूटआउट में दोनों टीम ने अपना पूरा कौशल दिखाया। भारत की तरफ से मुमताज और रुताजा ने पेनॉल्टी शूटआउट में गोल किए। रुताजा बाद में सडन डेथ में भी गोल करने में सफल रही। अमेरिका की तरफ से पेनल्टी शूट आउट में केटी डिक्सन और ओलिविया बेंट कोल ने गोल किए।

सिनेमा

## कांतारा चैप्टर 1 : भगवान परशुराम के रोल में दिखेंगे ऋषभ शेट्टी? पोस्टर में दिखा खतरनाक अंदाज

होम्बले फिल्म्स की 'कांतारा चैप्टर 1' एक बार फिर सुर्खियों में आई गई है. फिल्म को लेकर फैंस एक्साइटेड दिखाई दे रहे हैं. हर किसी के मन में यही सवाल है कि आखिर कांतारा चैप्टर 1 कब रिलीज होगी? इसका ट्रेलर कब रिलीज किया जाएगा? वगैरह... वगैरह... वहीं अब कहा जा रहा है कि फिल्म में ऋषभ शेट्टी भगवान पशुराम का रोल अदा करने वाले हैं.



फिल्म की पहली झलक में दिखाए गए विजुअल्स ने दर्शकों को इम्प्रेस किया है. इसके बाद फिल्म के बारे में कई थ्योरीज बनाई गई हैं. पोस्टर से ऋषभ शेट्टी के शानदार लुक की काफी चर्चा हो रही है. हाल ही में घोषित प्रीक्वल में उन्हें एक अलग तरीके से पेश किया गया है. अटकलें लगाई जा रही है कि शायद फिल्म में ऋषभ शेट्टी का लुक भगवान परशुराम के लुक पर बेस्ड हो और उनका किरदार उनसे काफी प्रेरित हो सकता है.

इन स्पेक्यूलेशन की एक बड़ी वजह यह है कि अनाउंसमेंट टीजर में दिखाया गया कुल्हाड़ी हथियार बिल्कुल वैसा ही है, जो भगवान परशुराम से मेल खाता है. कोंकण के लोगों की भी भगवान परशुराम में गहरी आस्था है. साथ ही कोंकण की भूमि को 'परशुराम भूमि' भी कहा जाता है. बता दें कि परशुराम जी भगवान शिव के भक्त थे और ऋषभ शेट्टी के किरदार को हम पहले पार्ट कांतारा में शिव के रूप में देख चुके हैं.

# संपादकीय

## बिगड़ता मौसम का चक्र

मौसम का चक्र बिगड़ने से अनेक नए प्रकार के विषाणु पनप रहे हैं, जो स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं। वायु प्रदूषण और उससे पैदा होने वाली बीमारियों को रोकना बहुत सारे देशों के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। इस तरह दुनिया भर में स्वास्थ्य खर्च बढ़ा है। जिन देशों का श्रमबल अधिक समय अस्वस्थता से जूझता है, वहां के उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ता है। बीता नवंबर पूर्व औद्योगिक काल से पौने दो डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म दर्ज हुआ। इसे लेकर दुनिया भर के पर्यावरणविदों की चिंता स्वाभाविक है। इन दिनों दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन चल रहा है। उसमें दुनिया के दो सौ वैज्ञानिकों ने एक रिपोर्ट जारी कर चेतावनी दी कि मौजूदा वृद्धि के कारण तापमान के पृथ्वी पर जीवन के लिए जरूरी पांच महत्त्वपूर्ण सीमाओं के पार कर जाने का खतरा है। इस मौसम में जब शीतलहर शुरू होती है, दुनिया के बहुत सारे देश गर्मी झेल रहे हैं। पिछला महीना पिछले तीस वर्षों में सबसे गर्म नवंबर महीने के रूप में दर्ज हुआ। यह वर्ष बीतने को है, मगर तापमान बहुत सारी जगहों पर चौदह डिग्री के आसपास बना हुआ है। हालांकि भारत के कुछ पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का वातावरण बन चुका है, मगर अधिकतर मैदानी भाग गर्मी महसूस कर रहे हैं। बीता नवंबर पूर्व औद्योगिक काल से पौने दो डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म दर्ज हुआ। इसे लेकर दुनिया भर के पर्यावरणविदों की चिंता स्वाभाविक है। इन दिनों दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन चल रहा है। उसमें दुनिया के दो सौ वैज्ञानिकों ने एक रिपोर्ट जारी कर चेतावनी दी कि मौजूदा वृद्धि के कारण तापमान के पृथ्वी पर जीवन के लिए जरूरी पांच महत्त्वपूर्ण सीमाओं के पार कर जाने का खतरा है। इस रिपोर्ट में छब्बीस महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित किया गया है। देखना है कि धरती के तापमान में ताजा वृद्धि और इसे लेकर जताई जा रही चिंताओं को लेकर दुनिया के देश कितनी गंभीरता दिखाते और क्या व्यावहारिक कदम उठाते हैं। हालांकि इस बारे में फिलहाल कोई दावा करना मुश्किल है, क्योंकि पिछले अ_ाईस वर्षों से इस सम्मेलन में इसी तरह चिंताएं जताई जाती और एहतियाती कदम उठाने के संकल्प दोहराए जाते रहे हैं, मगर कोई व्यावहारिक रास्ता अभी तक नहीं निकाला जा सका है। जलवायु परिवर्तन के कारण स्पष्ट हैं। हर साल दुनिया के तमाम देश इस सम्मेलन में जुटते और जीवाश्म ईंधन के उपयोग में कटौती, औद्योगिक कार्बन उत्सर्जन पर रोक लगाने के वादे करके वापस लौट जाते हैं। मगर सच्चाई यह है कि हर साल वैश्विक तापमान में कुछ वृद्धि ही दर्ज होती जा रही है। मौसम का मिजाज इस कदर बदल चुका है कि कहीं चक्रवात, बेमौसम तेज बारिश, तो कहीं ठंडे कहे जाने वाले शहरों में लू के थपेड़ों से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। इसका सबसे बुरा प्रभाव खेती-किसानी, बागबानी, पशुपालन पर पड़ रहा है। बहुत सारी वनस्पतियां और वन्यजीव खतरे की कगार पर पहुंच चुके हैं। भारत में इस वक्त जब गेहूं और दलहनी फसलों के लिए ठंडे मौसम और कोहरे की जरूरत होती है, तब धरती तप रही है। इससे फसलों की बढ़वार प्रभावित होगी। फिर पिछले कुछ सालों से देखा जा रहा है कि फरवरी का महीना शुरू होते ही मौसम में गर्मी लौट आती है।

**अर्ज किया है..!**

*बरसात के आते ही*
*तौबा न रही बाक़ी*
*बादल जो नज़र आए*
*बदली मेरी नीयत भी*

*-हसरत मोहानी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**जीवन का सही अर्थ यही है कि आपके पास विकल्प हों और आप सही विकल्प चुनें....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## सैर सपाटा

# क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए उत्तराखंड के ये हिल स्टेशन हैं परफेक्ट, घूमने के लिए 2 दिन हैं काफी



क्रिसमस 2023 आने में बहुत ही कम समय बचा है। इस दिन पर लोग घूमने और पार्टी करने का प्लान करते हैं। इस दौरान कुछ लोग हिल स्टेशन पर घूमने की प्लानिंग करते हैं। इस दिन मस्ती करने के लिए अच्छी जगह की तलाश कर रहे हैं तो उत्तराखंड के हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करने केलिए जा सकते हैं। इन जगहों पर आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ क्रिसमस पार्टी एन्जॉय कर सकते हैं।

### धनोल्टी



दोस्तों संग घूमने फिरने के लिए धनोल्टी एक अच्छी जगह है। हिमालय के बीच खूबसूरती से बसा यह शांत पहाड़ी शहर पर्यटकों के बीच काफी फेमस है। यहां पर कैम्पिंग और एडवेंचर एक्टिविटी की जा सकती हैं। क्रिसमस के दौरान आप यहां पर जा सकते हैं। इस समय पर अधिकतर होटल या रिसॉर्ट में बेहद खूबसूरत डेकोरेशन की जाती है। साथ ही पार्टी भी ऑर्गनाइज की जाती है।

### औली



उत्तराखंड का औली एक बेहतरीन जगह है, जो समुद्र तल से 2,500 मीटर से 3,500 मीटर के बीच है। यह हिल स्टेशन स्नोबोर्डिंग और स्कीइंग के लिए बेस्ट जगह है। यहां घूमने के लिए तो कोई खास जगह नहीं है लेकिन रिलेक्स करने के लिए ये प्लेस बेस्ट है। यहां से आपको नंदा देवी, कामेट, मन पर्वत और दूनागिरी सहित कई ऊंची हिमालयी चोटियों के नजारे देखने को मिलेंगे।

### चौकोरी



चौकोरी हिल स्टेशन उत्तराखंड के उन हिल स्टेशनों में से एक है जहां सूर्यास्त और सूर्योदय दोनों के सुंदर नजारे देखने को मिलेंगे। यह हिल स्टेशन देवदार, ओक और रोडोडेंड्रोन पेड़ों, मक्के के खेतों और बगीचों से भरा है। यहां देखने के लिए चाय के बागान भी हैं।

### खिर्सू



पौरी गढ़वाल जिले में समुद्र तल से 1,700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित खिर्सू उत्तराखंड के सबसे खूबसूरत हिल स्टेशनों में से एक है। ये जगह पहाड़ की चोटियां ओक और देवदार के पेड़ों के जंगलों से ढकी हुई हैं।

## Highlights

- **Bengaluru businessman loses ₹1.98 crore to FedEx scam**
- **Delhi records coldest morning of season at 8.3°C**
- **Karni Sena chief's killers were promised life abroad like gangster Brar: Police**
- **Fake & fabricated: India after report claims 'secret memo' was sent about Nijjar**
- **Video shows bundles of cash as ₹350 cr seized from Congress MP Sahu**
- **In Re Article 370 judgment: The challenge and what is at stake**
- **'Mehbooba Mufti put under house arrest before SC's Article 370 verdict,' claims PDP**

# Gautam Adani reveals next big plan: ₹7 lakh crore investment in...

**AHMEDABAD, (Agency).** Multi-billionaire businessman Gautam Adani, after his company's bumper week on the stock market, announced that the Adani Group will be investing a total of ₹7 lakh crore in multiple industries to establish his firm as an infrastructural leader in the country.



Adani Group chairman Gautam Adani took to social media platform X highlighting in detail the new green initiative of his firm, where it will be investing in multiple verticals of the apples-to-airports conglomerate.

During the stock exchange filings, Adani Energy Solutions said, "The portfolio recently announced its plan to invest over ₹7 lakh crore over the next 10 years to consolidate its preeminent position as the largest infrastructure player in India." Adani is planning to expand on the company's environmental conciousness, investing ₹7 lakh crore in various aspects of a green initiative by the multi-billion dollar firm. Currently, it is focussing its ports business towards a greening drive. Gautam Adani said on X, "By 2025, we will set a national benchmark being the only carbon-neutral port operations and be net zero for APSEZ by 2040. Our climate-friendly transformation includes electrifying all cranes, switching all diesel-based internal transfer vehicles to battery-based ITVs, and installing an additional 1000 MW of captive renewable capacity."

Adani Ports and Special Economic Zone is the nation's largest seaport operator in the country, with ports on both the east and west coasts.

**How is Adani Group going green through ₹7 lakh crore investment-** Gautam Adani said his firm will be expanding its renewable energy business, among other initiatives. "Our dedication to protecting the environment is also reflected in our expanding mangrove plantations, aiming for a remarkable 5000 hectares by FY 25. This is yet another step towards a greener future and further testament of our commitment to climate stewardship," he said.

# Seven most-valued companies in India see ₹3 lakh crore spike amid NSE trends: Reliance, HDFC Bank gain big

**NEW DElHI, (Agency)** After a bumper week for Nifty and Sensex on the stock market, the most-valued companies in India saw a major spike in their market capital. In fact, seven out of the 10 most-valued firms in India saw their market cap jump more than ₹3 lakh crore.

The combined market value of seven of the top 10 firms in India - including HDFC, LIC and Reliance Industries - collectively saw a rise of ₹3,04,477.25 crore last week, seeing a major uptick in the trends in equities.




Of the top seven, HDFC Bank and LIC came out to be the biggest gainers. In the last week, the valuation of HDFC Bank saw a massive spike of over ₹74,076 crore, and stood at ₹12,54,664.74 crore. The market cap of LIC jumped up by ₹65,558 crore, now standing at over ₹4,89,428.32 crore.

LIC has gained major benefit from the recent high trends on the stock market, with the market cap of the company crossing the ₹5 lakh crore mark after the shares of the firm hit a 52-week high on Thursday.

# युवक ने लगाई फांसी
## दो अन्य ने खाया जहर, दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर में किराये के घर में सात दिन पहले रहने आए एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। वह मूल रूप से सेंधवा का रहने वाला है। काम के सिलसिले में इंदौर आया था। आजाद नगर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।**

आजाद नगर पुलिस के मुताबिक बालू सिंह (18) पुत्र साहेब राव निवासी अभिलाषा नगर ने रविवार को कमरे में फांसी लगा ली। वह सतीश के यहां किराये से रहने आया। बालू सिंह की परिचित युवती कविता सोलंकी ने उसे यहां कमरा दिलाया। सतीश के बेटे के ने बालू सिंह को कमरे में लटकते देखा। आत्महत्या को लेकर अभी वजह स्पष्ट नहीं हो पाई।

इसी प्रकार हीरानगर इलाके में रहने वाले कैलाश (45) पुत्र लालजीराम ने निवासी शक्कर खेड़ी को जहर खाने के चलते उपचार के लिये एमवाय में भर्ती कराया गया। यहां उसकी मौत हो गई। कैलाश का शव पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुरी में रखवाया गया। परिवार के बयान भी लिये जाएंगे। वहीं द्वारका पुरी के अहीर खेड़ी में भी 55 साल के प्रकाश पुत्र हरदे की गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## ब्राउन शुगर खरीदने वाले धराए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एरोड्रम पुलिस ने ब्राउन शुगर खरीदने के मामले में 6 युवकों को गिरफ्तार किया है। इन युवकों के नाम ब्राउन शुगर बेचने के मामले में पकड़ाए दोनों आरोपियों ने बताए थे। 8 दिसम्बर को एरोड्रम पुलिस ने नगीन नगर से दिनेश पिता मोहनपुरी तथा उसके साथी दीपक पिता रामकिशोर चौहान को 14 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा था।आरोपियों ने पूछताछ में मादक पदार्थ शशांक पिता संजय सोनी निवासी अंबिकापुरी, शरद पिता अशोक चौहान निवासी वंदना नगर, उदित नारायण पिता लक्ष्मीनारायण मराठा निवासी वंदना नगर, जयराम पिता हरिसिंह जाट निवासी आम्रकुंज कॉलोनी, दिव्यनारायण पिता प्रदीप पाठक निवासी वंदना नगर तथा लक्की उर्फ सागर पिता महेंद्र सिंह बुंदेला निवासी सांवेर रोड का नाम बताया था। सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# महिला की हत्या में नहीं लगा सुराग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रावजी बाजार इलाके में एक महिला की कैंची मारकर हत्या कर दी गई। वह किस युवक के साथ घर में रुकी थी, यह अभी तक पुलिस को पता नहीं लगा है। रावजी बाजार थाना इलाके के जबरन कॉलोनी में शनिवार को पुलिस ने एक कमरे से एक महिला की दो दिन पुरानी लाश बरामद की थी। उसे कैंची मारकर मौत के घाट उतारा गया था।**

मृतिका का नाम निकिता प्रजापति सामने आया है। वैसे तो निकिता शहर के बाहर के रहने वाली है,पर लंबे समय से इंदौर में रह रही थी। बताया जा रहा है कई लोगों से उसकी दोस्ती थी। चार दिन पहले ही वह एक युवक के साथ रावजी बाजार क्षेत्र में रहने गई थी। जिस कमरे में उसका शव मिला वहीं पास में ही विशाल मूंगफली वाला रहता है। उसी ने कमरा किराए पर दिलवा दिया था। पुलिस ने उसे भी हिरासत में ले रखा है निकिता जिस युवक को अपना पति बता कर कमरे में रहने पहुंची थी वह कौन है अभी तक यह रहस्य बना हुआ है। हत्यारे के पास एक गाड़ी है पुलिस ने आसपास के फुटेज खंगाले तो वह गाड़ी से जाता नजर आया है, लेकिन उसे गाड़ी के नंबर अभी नहीं मिल पाए हैं। फिलहाल इस अंधे कत्ल में पुलिस मुखबिरों से कुछ सुराग मिलने की उम्मीद कर रही है। निकिता के परिवार वालों से पुलिस ने संपर्क किया तो उन्होंने इंदौर आने से भी इंकार कर दिया है उसकी मां नहीं है पिता शराबी है।

### परिजन ने शव लेने से किया इनकार

अंकसूची के आधार पर युवती की निकिता प्रजापति निवासी सागर के रूप में पहचान हुई, लेकिन युवक का कुछ भी पता नहीं चल पाया। पुलिस के मुताबिक, निकिता के शव का पोस्टमार्टम करवा लिया गया है। भाई व पिता ने शव लेने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि निकिता का रहन-सहन सही नहीं था। वे उससे संबंध तोड़ चुके हैं।

## युवती को अगवा कर बनाया बंधक, किया दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक युवती ने कल पुलिस थाने पहुंचकर आरोप लगाया कि उसे सात लोगों ने बंधक बना लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में युवती के साथ हुई हैवानियत को देखते पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर सात आरोपियों पर केस दर्ज किया और उनकी तलाश शुरू कर दी है। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, युवती के माता-पिता सडक़ किनारे जड़ी-बूटियां बेचते हैं। करीब एक महीने पूर्व युवती गायब हो गई थी। शनिवार रात युवती स्वजन के साथ थाने पहुंची और बताया कि राज व उसके साथी कार से अगवा कर आंध्रप्रदेश ले गए थे। वहां उसे बंधक बनाकर रखा गया था। राज ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया। साथ ही युवती से पूछताछ कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## कारोबारी के घर में लाखों की चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूडिया इलाके में बदमाशों ने 20 लाख रूपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया जाता है कि चोरी की वारदात एक कारोबारी के घर में उस समय हुई। जब वह शादी में शामिल होने सिमरोल गए हुए थे। पुलिस के मुताबिक रविवार को पवन जैन निवासी महालक्ष्मी नगर अपने परिवार के साथ सिमरोल स्थित फार्म हाउस में एक शादी में गए। इस दौरान वापस आने पर उन्होंने देखा कि घर का सामान अंदर बिखरा हुआ है। अंदर की अलमारियों से बदमाशों ने करीब 15 लाख रूपये कीमत के सोने के जेवर ओर 5 लाख रूपये केश पर हाथ साफ कर दिया। बदमाश छत के रास्ते पवन के घर में घुसे थे। रात में डॉयल 100 को मामले की जानकारी दी गई। जिसके बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस को बदमाशो के कुछ फुटेज भी हाथ लगे है।

## शादी में आए थे स्टेशन पर बच्चे को भूले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रविवार को रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 6 पर 3 साल का मासूम मिला। पुलिस ने उसे परिजन के सुपुर्द किया है। रेलवे पुलिस ने बताया कि एक बच्चा प्लेटफॉर्म पर रोता मिला। कुछ घंटे बाद रामगंज मंडी में रहने वाले वसीम खान का परिवार आया और बताया कि ये उनका बेटा आदिब है। वे 25 लोग एक साथ इंदौर आए थे। यहां आजाद नगर में रिश्तेदार की शादी में शामिल होना था। स्टेशन पर उतरते ही सभी ने सामान उठाया और बाहर रिक्शा में बैठ गए। बाद में पता चला कि बच्चा गुम हो गया है। फिर खोजबीन में जुटे और वापस स्टेशन आए।

## सड़क हादसे में दो साल के बेटे के बाद पिता की भी मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बायपास पर हुए एक हादसे में दो साल के बेटे के बाद पिता की भी मौत हो गई। हादसा शनिवार की शाम हुआ। जिसमें दो साल के बेटे ने तो मौके पर दम तोड़ दिया। वहीं पिता को एमवाय में उपचार के लिये भर्ती किया गया। यहां रविवार देर रात उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने अब मामले में मर्ग कायम किया है।**

पुलिस के मुताबिक घटना नांदेड़ ब्रिज की है। तेजाजी नगर के कैलोद करताल में रहने वाला सुभाष बुंदेला (32) अपने दो साल के बेटे कुशाल को कसरावद लेने पहुंचा। यहां से वापस आते समय उन्हें एक वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल 2 साल के बेटे कुशाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पिता सुभाष को उपचार के लिये एमवाय में भर्ती कराया गया। रविवार को उसने भी यहां दम तोड़ दिया।

सुभाष के यहां तीन माह पहले दूसरे बेटे का जन्म हुआ। कुछ दिन पहले पत्नी छोटे बेटे को लेकर इंदौर आ गई। लेकिन कुशाल अपने नाना नानी के घर ही रूक गया। शनिवार को ससुराल से कॉल आया तो सुभाष बाइक से ही अपने बेटे को लेने चला गया। यहां से वापस आते समय दोनों हादसे का शिकार हो गए।

## नौकरानी ने उड़ाए एक लाख रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नौकरानी में मकान मालिक की नजर हटते ही वार्ड रोब में रखे एक लाख हजार रुपए से अधिक चुरा लिए। चोरी करने के बाद वह काम करने नहीं आई तो मालिक ने शंका के आधार पर कनाडिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि अनिरुद्ध पिता निलेश मालपानी निवासी प्रगति विहार कालोनी बिचौली हप्सी ने बताया कि उसने घर में साफ-सफाई का काम करने कालोनी में रहने वाली शारदाबाई पति भेरूसिंह को रखा था। वह दो साल से काम कर रही थी, इसलिए उस पर विश्वास हो गया था। कुछ दिन पहले उसने वार्डरोब से पैसे चुरा लिए थे। जरूरी काम के लिए पत्नी ने वार्डरोब खोला तो उसमें पैसे नहीं मिले। नौकरानी से पूछताछ की तो उसने इनकार कर दिया। बाद में नौकरानी ने काम पर आना बंद कर दिया। उसका मोबाइल भी स्वीच आफ आ रहा था। मामले में पुलिस जांच कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक